कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,

Website- https://vyapam.cgstate.gov.in

क्रमांक/व्यापम/2023/ 4496 रायपुर, दिनांक ~~06~~ 25.08.2023
25/08/2023

प्रेस विज्ञप्ति

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नवा रायपुर के अंतर्गत
हैण्डपंप तकनीशियन भर्ती परीक्षा 2023 (**PHEH23**) के सम्बंध में

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, छत्तीसगढ़, इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा रायपुर, (छ.ग.) का पत्र क्र./3687/स्था./प्र.अ./लोस्वायांवि/2023/ दिनांक 17.08.2023 के प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर हैण्डपंप तकनीशियन के रिक्त पदों पर भर्ती परीक्षा 2023 का परीक्षा कार्यक्रम का निर्धारण किया गया है ।

अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करने के पश्चात् उसी प्रोफाइल पर लॉगिन कर निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे –

1.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	–	25.08.2023 (शुक्रवार)
2.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	–	10.09.2023 (रविवार) रात्रि 11:59 बजे तक
3.	त्रुटि सुधार	–	11.09.2023 से 13.09.2023 तक
4.	परीक्षा की तिथि (संभावित)	–	**24.09.2023 (रविवार)**
5.	परीक्षा का समय	–	पूर्वान्ह
6.	परीक्षा केन्द्र :	–	05 संभागीय मुख्यालयों में ।

उपरोक्त भर्ती परीक्षाओं हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी की बजट सत्र के दौरान की गई घोषणा के अनुरूप एवं लिखित परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क के सम्बंध में राज्य शासन से प्राप्त पत्र सचिव, छ.ग. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, द्वारा परीक्षा शुल्क माफ किये जाने के सम्बंध में जारी पत्र क्रमांक एफ 10–2 /2022/एक(1), दिनांक 08 अप्रैल 2022 के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय निवासी प्रतिभागियों से किसी भी प्रकार की परीक्षा शुल्क नहीं लिया जावेगा ।

इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट **vyapam.cgstate.gov.in** पर उपलब्ध है।

कृपया उक्त विज्ञप्ति परीक्षार्थियों के हित में अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में एवं प्रदेश से मुद्रित होने वाले सभी संस्करणों में समाचार वृत्त के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर